Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:8 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:30 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 52 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 6 अगस्त 2026

फिर मोहब्बत के लिए जंग...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### व्यापार मंडल के आगामी चुनावों की प्रक्रिया समय से शुरू कराने की मांग उठाई

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष प्रत्याशी पवन गाबा पल्ली ने संगठन के संरक्षक एवं पूर्व मुख्य चुनाव अधिकारी सरदार सुरमुख सिंह विर्क को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्हें सौंपे गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह रुद्रपुर व्यापार मंडल का एक सक्रिय सदस्य और व्यापारी हैं। बताया कि 4 फरवरी 2024 को आयोजित रुद्रपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में वह कोषाध्यक्ष पद का प्रत्याशी रहा। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल के संविधान एवं नियमों के अनुसार कार्यकारिणी का कुल कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। इस कार्यकाल के लगभग ढाई वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और अब मात्र 6 माह का समय शेष रह गया है। व्यापारी नेता पल्ली ने संरक्षक से मांग की कि संविधान के अनुरूप नवीन कार्यकारिणी के गठन एवं चुनावों की प्रक्रिया अभी से प्रारंभ कराई जाए। ताकि रुद्रपुर के जो नए व्यापारी अपना वोट बनवाना चाहे तो उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का पर्याप्त अवसर मिल सके।4 फरवरी 2027 तक व्यापार मंडल के चुनाव पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि संरक्षक के कुशल मार्गदर्शन में यह चुनाव पूर्व की भांति एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न होंगे।

### सीएम राहत कोष से 113 लाभार्थियों को बांटे चेक

**बागेश्वर।** तहसील सभागार में सीएम विवेकाधीन राहत कोष के तहत चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, आर्थिक संकट और स्कूली शिक्षा जैसी जरूरतों के लिए 113 लाभार्थियों को राहत कोष के चेक वितरित किए गए। एसडीएम वैभव कांडपाल ने बताया कि शासन की ओर से जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीएमजीएसवाई अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि सीएम विवेकाधीन राहत कोष से स्वास्थ्य और शिक्षा आवश्यकताओं के लिए सहायता दी गई है।

## रुद्रपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री कौशिक, भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले, संगठन को मजबूत करने पर जोर

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और वह कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने को कहा।उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में आधारभूत संरचना, निवेश, रोजगार, पर्यटन, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। प्रदेश सरकार विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

कैबिनेट मंत्री ने रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनता का भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में दोबारा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और ऊधम सिंह नगर में भी पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। यहां पर विधायक शिव अरोरा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, सह प्रभारी भारत भूषण चुग, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, हिमांशु शुक्ला, प्रमोद मित्तल, अक्षय अरोड़ा, विजय तोमर, मोर सिंह, अजय तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विपिन सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति धीर, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी समेत उत्तराखंड में के कई जिलों में अलर्ट

# लगातार बारिश से आफत 6 लोगों की मौत, 1 घायल

**नई दिल्ली**
एजेंसी



उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। पांच जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 20 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर में सबसे ज्यादा 150 मिमी बारिश दर्ज हुई। उधर, भारी बारिश के बीच महूली में करीब 100 साल पुराना मकान ढहने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक सदस्य घायल है।

उत्तराखंड में लगातार हो रही वर्षा और आगामी मौसम चेतावनियों के कारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन से बात की। उन्होंने विभिन्न जिलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। सीएम ने सभी आपदा प्रबंधन व राहत एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एजेंसियों को पूरी सतर्कता से कार्य करने को कहा। संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी का निर्देश दिया। नदी-नालों के जलस्तर पर सतत दृष्टि रखने को भी कहा गया। आवश्यकता पड़ने पर लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में भूस्खलन के चलते 85 मार्ग बंद है। इसमें अल्मोड़ा दो, बागेश्वर 10, चमोली 20, देहरादून सात, नैनीताल में आठ मार्ग बंद है। पौड़ी पांच, पिथौरागढ़ 13, रुद्रप्रयाग छह, टिहरी आठ और उत्तरकाशी में छह मार्ग बंद है। यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड के समीप बुधवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। यमुनोत्री धाम से लौट रहे उत्तर प्रदेश के दो कांवड़ यात्री अचानक पहाड़ी से गिरे चट्टानी मलबे और पत्थरों की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। जान बचाने के लिए दोनों यात्रियों को अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भागना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर तक भूस्खलन जारी रहने के बाद स्थिति सामान्य हुई जिसके बाद सिलाई बैंड से यमुनोत्री की ओर फंसे लोग सावधानी के साथ बड़कोट की ओर रवाना हुए।

## बगास खरीद का झांसा, पिता-पुत्र से की गई 43.85 लाख ठगी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कोतवाली ट्रांजिट कैंप के बगास कारोबारी पिता-पुत्र से लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। कारोबारी की लखनऊ के रहने वाले नटवरलाल सिसोदिया परिवार मुलाकात करता है और बगास खरीद का झांसा देकर ठगी को अंजाम दे डालता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक्र फुलसुंगा स्थित आनंद विहार कॉलोनी निवासी अरिकेश ठाकुर ने बताया कि उसकी मैसर्स अरिकेश सर्विसेस के नाम से फर्म है और गन्ने की बगास का कारोबार करते है। वर्ष 2023 को किच्छा के रहने वाले बृजेश प्रताप चंद कार्यालय पर आते है और लखनऊ जानकी बिहार के सिसोदिया परिवार से मुलाकात करते है। जो खुद को मैसर्स सिसोदिया रिसर्च लैबोरेट्रीज का प्रबंध निदेशक पीएन सिंह, निदेशक माया सिंह, विवेक कुमार सिसोदिया तनय सिंह शिशौदिया बता रहे थे। मुलाकात के दौरान सिसोदिया परिवार ने बताया कि यदि वह बगास बेचते है तो उसे बेहतर दाम मिल सकते है। वादे के अनुसार 23 अक्टूबर 2023 से 18 नवंबर 2023 तक 13.8 लाख रुपये का बगास सप्लाई कर दिया। उसी प्रकार बेटे राकेश कुमार की फर्म से भी 39.27लाख कीमत का बगास भी सप्लाई किया था, लेकिन उस वक्त अभियुक्तों ने 8.50 लाख रुपये का भुगतान कर विश्वास में लिया और फिर दोनों फर्म का बकाया 43.85 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। कई बार रुपए देने की मांग की, भुगतान नहीं हुआ। लखनऊ जाकर पड़ताल की, तो पता चला कि अक्सर सिसोदिया परिवार खुद को कारोबारी बताकर धोखाधड़ी का अंजाम देता है। जिसकी भनक बिचौलियों को भी नहीं हुई। पुलिस को शिकायती पत्र भेजा और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**पहले भी कई कारोबारियों से करोड़ों की कर चुके है ठगी**

कारोबारी अरिकेश ठाकुर ने बताया कि लाखों रुपये की ठगी होने के बाद जब सिसोदिया परिवार के बारे में जांच-पड़ताल की। तो पता चला कि अभियुक्तों ने उनके साथ ही नहीं, बल्कि सीतापुर, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर सहित 25 से 30 कारोबारियों को बगास का माल बेचने का झांसा देकर 20 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी कर चुके है और उनके खिलाफ कई ठगी के मामले भी पंजीकृत है।

## गौला पुल से दो मासूमों संग कूदने जा रही थी महिला, राहगीरों की सतर्कता से टला हादसा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर में आत्महत्या की कोशिशों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को लाइन नंबर-17 क्षेत्र स्थित पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ पुल से छलांग लगाने की तैयारी करती दिखाई दी। महिला की संदिग्ध हरकत देख वहां मौजूद राहगीरों ने तुरंत सतर्कता दिखाई और उसे समय रहते पकड़कर आत्मघाती कदम उठाने से रोक लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला व दोनों बच्चों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने महिला से पूछताछ की और उसके परिजनों को भी थाने बुलाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला किसी घरेलू तनाव से परेशान बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और महिला की काउंसलिंग कराने की भी तैयारी की जा रही है। घटना के बाद एक बार फिर शहर में पुलों और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय में इसी तरह कई लोग पुलों से छलांग लगाकर अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। लोगों ने पुलों पर ऊंची सुरक्षा जाली, सीसीटीवी कैमरे और नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। राहगीरों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इस बार दो मासूम बच्चों सहित तीन जिंदगियां बच गई, लेकिन यह घटना प्रशासन के लिए भी गंभीर चेतावनी मानी जा रही है कि संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा मजबूत किए बिना ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल होगा।

### गौरव सेनानी बंगाल इंजीनियर संगठन की बैठक में स्थापना दिवस पर हुई चर्चा

**हल्द्वानी।** गौरव सेनानी बंगाल इंजीनियर संगठन, हल्द्वानी की एक महत्वपूर्ण बैठक पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय में स्थित वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी द्वारा की गई। इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट एवं समस्त कार्यकारिणी के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन के 40 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपस्थित सदस्यों में तेज सिंह राठौड़, दिनेश चंद लोहानी, शंकर सिंह बोरा, कृष्ण सिंह बिष्ट, डीके जोशी, थान सिंह, दीवान सिंह नेगी, जगदीश चंद्र जोशी, कुंदन सिंह सामंत, हुकम सिंह राणा, दीपक सिंह कार्की, चंचल सिंह शाही, देवेंद्र सिंह गोनी, पीतांबर दत्त पेंट, महेश चंद जोशी, महेंद्र सिंह मनराल खयाली चंद, पुष्कर राम, विपिन चंद, सुरेश चंद पांडे सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## अतीक अहमद के छोटे बेटे की मौत

**लखनऊ**
एजेंसी

**घटना**

- झांसी जेल में बंद भाई अली से मिलने जा रहा था आबान

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान अहमद की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति ने भी अपनी जान गंवाई, जबकि उनके तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुखद घटना झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुंछ थाना इलाके में हुई। सभी पांचों लोग प्रयागराज से झांसी जा रहे थे। वे झांसी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद से मुलाकात करने वाले थे। जानकारी के अनुसार, उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे तेज रफ्तार क्रेटा कार झांसी-कानपुर हाईवे पर प्रयागराज से झांसी की ओर आ रही थी। पूछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव के पास अचानक एक जानवर सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आगे की सीट पर बैठे आबान अहमद एवं सोनू खान के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार सवार अहजम निवासी बादशाही मंडी (प्रयागराज), मोहम्मद जैद निवासी कोतवाली, उमर अहमद निवासी पूरा मुफ्ती घायल हो गए। सभी प्रयागराज के रहने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि प्रारंभिक सूचना में मृतक की पहचान अतीक अहमद के पुत्र आबान अहमद के रूप में हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच। पुलिस ने घायलों को तत्काल प्रभाव से अस्पताल पहुंचाया। मृतकों में आबान अहमद की पहचान की गई है। जबकि दूसरे जान गंवाने वाले युवक की पहचान सोनू खान के रूप में हुई है। हादसे में मोहम्मद जैद और उमर और अहजम घायल हुए हैं। इन सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नैनीताल में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही। बारिश की वजह से जीवनदायिनी नैनी झील का जलस्तर 84.11 फीट पंहुच गया। बारिश के साथ ही नगर में कोहरा छाने की वजह से दिन में ही वाहनों को लाइट जलाकर चलने को मजबूर होना पड़ा।

बता दें नगर में सुबह 11 बजे तक मौसम सामान्य था उसके बाद से मौसम ने ऐसी करवट बदली कि मूसलाधार बारिश शुरू हो गई और लोगों की राहें रोक ली। इस दौरान नाले उफ ान पर आ गए और नगर भ्रमण पर आए सैलानी होटलों से बाहर नहीं निकल सके। भारी बारिश का क्रम निरंतर तीन घंटे जारी रहा। इस बीच जन जीवन ठहर सा गया। मल्लीताल फील्ड में जलभराव हो गया। नाले उफान पर आने से झील में कूड़े कचरे के ढेर समा गए। नगर की पर्यटन गतिविधियां ठप हैं तो रोजमर्रा के कार्य भी बाधित रही। अपराह्न दो बजे तेज बारिश तो थम गई लेकिन देर शाम तक हल्की रिमझिम बारिश का क्रम जारी था। दिन भर में 60 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।





## 8 से शुरु होगा जिले में 9 दिनी विशेष स्वच्छता अभियान

**नैनीताल** । नैनीताल जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर 8अगस्त से 16 अगस्त तक पूरे जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मामले में जिलाधिकारी रयाल ने बताया कि इस अभियान के तहत नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, जिला मार्गों के साथ ग्राम पंचायतों, शहरी क्षेत्रों व वन क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की जाएगी। राजमार्गों एवं सड ?ों के दोनों ओर फैले कचरे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का चिन्हीकरण कर सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा।अभियान के तहत शहरी क्षेत्रान्तर्गत नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी अपने-अपने नगर क्षेत्रों में सघन सफ ाई अभियान चलाएंगे। इसी प्रकार वन एवं पर्यटन क्षेत्रों में विशेष रूप से रामनगर मार्ग, चोरगलिया रोड सहित अन्य वन क्षेत्रों में कचरे के वल्नरेबल प्वाइंट्स की सफाई की जाएगी। पर्यटन स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

## बरसात में आपदा से क्षतिगस्त मोटर मार्ग को सही करें अधिकारी: कैड़ा

धारी । उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएस वाई, पेयजल तथा सिंचाई और स्थानीय प्रशासन के जनपद नैनीताल के अधिकारियों को कहा है कि आपदा से कई लोनिवि व पीएमजीएसवाई के मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं, सिचाई नहर,पेयजल लाइन ध्वस्त हुई हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के आतंरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिस कार्य ग्रामीणों को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा जिनका पुर्ननिर्माण किया जाना अति आवश्यक है। मंत्री कैड़ा ने संबंधित विभाग के अदिकारियों को आपदा मद से मोटर मार्गो तथा पेयजल लाइनों तथा सिचाई नहरों व ग्रामीणों के आतंरिक मार्गो अन्य कार्यों को करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री कैड़ा ने कहा ग्रामोणों की हर समस्या का समाधान हो इस दिशा मे लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान करना है।



# कांग्रेसियों ने लगाया भाजपा पर जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कालाढूंगी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम ज्योली में बुधवार को कांग्रेस द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांग्रेस ने भाजपा पर जनसमस्याओं की अनदेखी करने तथा विकास कार्य न करने, बेरोजगारी महंगाई के आरोप लगाते हुए कांग्रेस और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते नीरज तिवारी ने स्थानीय जनसमस्याओं की जानकारी ली और सरकार पर तंज कसते कहा कि ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र पिछले दस साल से डबल इंजन की सरकार में छोटी समस्याओं का समाधान भी नहीं हो पा रहा है। हिमांशु पांडे ने पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, प्राथमिकताओं एवं भावी योजनाओं के बारे में बताते कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर पार्टी को नीतियों को मतदाता तक पहुंचाए जिससे पार्टी का जनाधार मजबूत हो और 2027 में कांग्रेस की सरकार बने। कार्यक्रम में बड़ी संखया स्थानीय लोग,वरिष्ठ समाजसेवी हिमांशु पाण्डे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कोटलिया,मनोज बिष्ट, संदीप राणा, संजय साह, मनोज चनियाल, हेमचंद्र पड़लिया, जिला सचिव सूरज पांडे, भूपेंद्र बिष्ट, भानू तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय महिला परिषद ने किया पौधरोपण, दिया संदेश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला परिषद भवाली ने हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बुधवार को भवाली सैनिटोरियम परिसर में वृहद पौरोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

परिषद की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बड़ी संखया में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

कार्यक्रम के दौरान उत्तीस, पाँगर, अमरूद, चौड़ देवदार और तेजपात सहित कई उपयोगी एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे लगाए गए। श्रीमती खष्टी बिष्ट ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं बल्कि जल संरक्षण, स्वच्छ वायु और जैव विविधता को भी बढ़ावा देते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प भी लेना चाहिए।आयोजकों ने सभी उपस्थित लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख करने और अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।इस अवसर पर माया पंत, सुमन आर्य, ज्योति साह, रितू कुमारी, रचना, नीमा पंत, गीता बिष्ट, जानकी आर्या, धनी दुमका, आसमा परवीन, सुजान रजवार, एस एस बिष्ट तथा पंकज कुमार आदि शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### सड़क पर बिखरी रेत बनी जानलेवा

**नैनीताल** । नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर कई स्थानों पर डामर उखडने से सड़क पर रेत फैल गई है जो स्कूटी और बाइक सवारों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। विशेष रूप से बल्दियाखान के पास मोड़ पर सड़कपर बिखरी रेत के कारण आए दिन दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और लोग घायल हो रहे हैं। स्थानीय निवासी हरीश भट्ट ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में उनके सामने ही रेत में रपटकर पांच स्कूटी और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैंए जिनमें सवारों को चोटें आई हैं। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग ने समय पर रेत हटाने की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। बुधवार को भी बल्दियाखान के पास सड़क पर फैली रेत के कारण एक महिला स्कूटी सवार फिसलकर घायल हो गई। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। सड़कपर बिखरी रेत को जल्द हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाएगा।

### रूसी के समीप मलबा और पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित

**नैनीताल** । लगातार हो रही बारिश के बीच बुधवार को नैनीताल-काठगोदाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर रूसी हनुमान मंदिर के समीप पहाड़ी से मलबा और पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हो गया। हालांकि सूचना मिलते ही एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से मलबा व पेड़ हटाकर मार्ग को जल्द ही सुचारु कर दिया। जानकारी के अनुसारए बुधवार सुबह सबसे पहले पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण सड़क का लगभग आधा हिस्सा मलबे से भर गया था। इसके बाद दोपहर में हुई भारी बारिश के चलते पहाड़ी से दोबारा मलबा गिरा और उसके साथ एक पेड़ भी सड़कपर आ गिरा जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई की क्षेत्र में तैनात जेसीबी मौके पर पहुंची। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क पर गिरे पेड़ और मलबे को हटाया तथा कुछ ही समय में यातायात को पुनः सुचारु कर दिया।

### मॉल रोड पर टैक्सी स्कूटी पर चार-चार सवार

**नैनीताल।** नैनीताल की मॉल रोड पर दो टैकसी स्कूटी में चालक सहित चार लोगों के सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद संभागीय परिवहन विभाग और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि जब मॉल रोड पर हर समय पुलिस और यातायात कर्मियों की तैनाती रहती है तो इस तरह खुलेआम नियमों का उल्लंघन कैसे हो गया। नैनीताल की मॉल रोड पर टैकसी बाइकों में प्रतिबंध के बाद भी लगातार टैकसी बाइकें दौड़ रही हैं। बुधवार को एक टैकसी स्कूटी में क्षमता से अधिक चार लोगों के बैठकर चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्कूटी चालक सहित चार लोग सवार दिखाई दे रहे हैं जो सीधे तौर पर यातायात नियमों का उल्लंघन है और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। हांलाकि स्कूटी सवार के साथ स्कूटी में उसके दो बच्चे दिखाई दे रहे हैं। लेकिन लोगों ने इसको लापरवाही बताया है जो हादसों का कारण भी बन सकता है। टीएसआई हरीश फ र्त्याल ने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से खोजा जा रहा हैं। नंबर ट्रेस होने पर वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 751 वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 751वें दिन पर्यटक आवास गृह डीडीहाट परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में दान सिंह राणा, संतोख बिष्ट, रंजीत,मनोज कुमार तथा बलवंत बबलू उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# विश्वविद्यालय कर्मचारियों की मांगों पर समिति ने की चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड शासन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित पांच राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में शासन द्वारा गठित समिति द्वारा बैठक कर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान सभी विश्वविद्यालयों से रिक पदों का बयौरा मांगने के साथ कॉमन सेवा नियमावली का बनाने हेतु प्रारूप तैयार करने का निर्णय लिया गयाए साथ ही विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक व तकनीकी संवर्ग में वेतन विसंगति सहित समयबद्ध प्रशिक्षण पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ द्वारा लंबे समय से शासन को दिए गए 11 सूत्री मांग पत्र के निराकरण हेतु शासन द्वारा उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 खेमराज भट्ट की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालयए अल्मोड़ा विश्वविद्यालयए दून विश्वविद्यालय और श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिवों के अतिरिक्त महासंघ के अध्यक्ष डॉ0 लक्ष्मण रौतेला को समिति का सदस्य बनाया गया है। बता दें उक समस्या समिति द्वारा बुधवार को अपनी पहली बैठक का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। बैठक में महासंघ द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति की मांग के साथ विश्वविद्यालय में पदोन्नति प्रक्रिया के समयबद्ध निस्तारण, विश्वविद्यालयों में विभिन्न पदों की वेतन विसंगति, एक समान संरचना बनाने व सभी विश्वविद्यालयों के कार्मिकों हेतु कॉमन सेवन नियमावली बनाए जाने तथा 10,16 व 26 वर्ष में एसीपी सहित समयबद्ध प्रशिक्षण की मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## जंगली जानवर के हमले में किसान का बैल घायल

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के तहत ग्राम पंचायत नलनी में खेत में चारा चर रहे किसान के बैल पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में बैल गंभीर रूप से घायल हो गया हालांकि बैल किसी तरह अपनी जान बचाकर गौशाला तक पहुंच गया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर भेज दी गई है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम नलनी गांव निवासी भूपाल सिंह अधिकारी के गाय व बैल खेत में चारा चर रहे थे। उनके अनुसार इसी दौरान बाघ ने अचानक बैल पर हमला कर दिया। घायल बैल किसी तरह भागकर घर की गौशाला तक पहुंच गया। हमले के बाद बैल घायल अवस्था में गौशाला में मौजूद है। ग्राम प्रधान सूबेदार मेजर गोविंद सिंह अधिकारी ने बताया कि घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है हालांकि हमला करने वाला बाघ था या तेंदुआ इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि घायल बैल का तत्काल उपचार कराया जाए साथ ही यदि बैल स्वस्थ नहीं हो पाता है या उसकी मृत्यु होती है तो पशुपालक भूपाल सिंह अधिकारी को नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## तीर्थ नहीं हैं पर्यटन नगरी

*तीर्थ स्थलों में श्रद्धा, आस्था और भक्ति की भावना से अब कम लोग जाते हैं, बल्कि मौजमस्ती के लिए पहुंचते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजरोजश्वराश्रम महाराज ने गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि यदि धर्मनगरी को मायावी नगरी बनने से रोकना है, तो भावनाओं की भीड़ को सुव्यवस्थित करना होगा। धार्मिक स्थलों पर वे लोग न आएं जिन्हें मुक्ति और भक्ति का वास्तविक अर्थ नहीं पता है। वर्तमान में तीर्थों को 'सेल्फी प्वाइंट' और 'हॉलिडे डेस्टिनेशन' बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।*

तीर्थ स्थलों, मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में अव्यवस्था, अराजकता, अपराध का बोलबाला हो गया है। महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में भीड़ के कारण अनेक लोगों की मृत्यु हो गई थी। हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर में भगदड़ से आठ लोगों की जान चली गई। कावंड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग की घटनाएं, बाराबंकी के औसानेश्वर मंदिर में बिजली के करंट से दो लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गये। तीर्थ स्थलों में श्रद्धा, आस्था और भक्ति की भावना से अब कम लोग जाते हैं, बल्कि मौजमस्ती के लिए पहुंचते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजरोजश्वराश्रम महाराज ने गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि यदि धर्मनगरी को मायावी नगरी बनने से रोकना है, तो भावनाओं की भीड़ को सुव्यवस्थित करना होगा। धार्मिक स्थलों पर वे लोग न आएं जिन्हें मुक्ति और भक्ति का वास्तविक अर्थ नहीं पता है। वर्तमान में तीर्थों को 'सेल्फी प्वाइंट' और 'हॉलिडे डेस्टिनेशन' बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी जगद्गुरु शंकराचार्य से मिलने पहुंचे तो शंकराचार्य ने उनसे कहा कि सांसद के तौर पर वह केन्द्र और राज्य सरकार को यह सुझाव दें कि तीर्थ स्थलों को पर्यटन नगरी बनाने की योजनाएं तत्काल रोकी जाएं। मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ का कारण करंट फैलने की अफवाह बताया जा रहा था, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के एमडी ने एहतियातन मुख्य अभियंता को सभी धार्मिक और पर्यटन स्थलों का सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिये। दरअसल सभी धर्म स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में समय-समय पर सेफ्टी ऑडिट होना चाहिए। तीर्थ स्थलों और धार्मिक आयोजनों में दुर्घटनाओं के लिए प्रशासन और प्रबंधन से अधिक जनता जिम्मेदार है। धर्म का दिखावा दुर्भाग्यपूर्ण है। देश के बहुत से मंदिरों में अमर्यादित परिधान पहनकर जाने पर रोक के साथ मोबाइल फोन से सेल्फी लेने पर रोक है, परन्तु लोग पूजा-अर्चना की जगह फोटो खींचने को प्राथमिकता देते हैं। देवभूमि होने के कारण उत्तराखंड सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया है। जगद्गुरु शंकराचार्य ने इसी का उल्लेख करते हुए सुधार की बात कही है। इस मामले में दिखावटी और धार्मिक होने का आडंबर करने वालों को सुधार की जरूरत है।

# स्वैच्छिक रक्तदान: 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया

## स्व.वीरेंद्र सामंती और स्व.बंटी कोली की स्मृति में लगाया गया शिविर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह सामंती एवं युवा नेता स्वर्गीय बंटी कोली के जन्मदिवस पर उनकी स्मृति में बुधवार को काशीपुर रोड स्थित गाबा चौक के पास रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दोनों दिवंगत नेताओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर 61 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्त दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह सामंती और स्वर्गीय बंटी कोली ने अपना पूरा जीवन समाज और आम लोगों की सेवा के लिए समर्पित किया। दोनों हमेशा लोगों के सुख दुख में सहभागी बने रहे और बिना किसी भेदभाव के जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया। यही कारण है कि आज भी वह लोगों के दिलों में जीवित हैं। उन्होंने कहा कि दोनों का अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में असामयिक निधन हो गया था, लेकिन उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्य और जनसेवा के प्रति



समर्पण आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। किसी भी व्यक्ति की सबसे ब ड़ी पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि समाज के प्रति उसके योगदान से होती है और स्व., सामंती तथा बंटी कोली ने अपने कार्यों से यह साबित किया। रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य ही दिवंगत समाजसेवियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी दोनों की स्मृति में रक्तदान शिविर सहित जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।युवाओं में सेवा की भावना विकसित हो। रक्तदान के माध्यम से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में मानवता और सामाजिक सरोकारों को भी मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर सुनील चुघ,संजय ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, संदीप चीमा,योगेश चौहान, राजीव चावला, शगुन अरोरा, सिमरन अरोरा, प्रवेश बब्बर,ललित सिंह बिष्ट, आनंद शर्मा, पंकज सुखीजा,बॉबी टुटेजा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखबीर सिंह लक्खा, नमन गुप्ता, प्रिंस कोली, आफताब खान, जहर ,फैज राज खान, इरशाद अहमद मंसूरी,रमेश कुमार, प्रिंस कोली,हैप्पी चौहान,राजेश रस्तोगी, प्रकाश गुप्ता, ओमकार सिंह, विक्की आहूजा,जोमी चांडा,राहुल सरीन,राजेश ग्रोवर,पवन गाबा, श्यामकोली, रामसेवक कोली, दिनेश कोली, भुवन गुप्ता,संजीव गुप्ता, हरविंदर सिंह चुग,चेतन मांगत,शिव कुमार शिब्बू, सुनील कोली, केरू मंडल,आकाश कोली के अलावा रुद्रपुर चौरिटेबल ब्लड बैंक के प्रबंध निदेशक सत्यम शर्मा, अभिषेक, दिव्यांशु विश्वकर्मा,गीता, डॉ. कनिका वाधवा, स्वाति, अंशुल आदि मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BEENA GOEL (बीना गोयल) से बदलकर VEENA AGARWAL (वीना अग्रवाल) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नए नाम VEENA AGARWAL (वीना अग्रवाल) पत्नी श्री राजेंद्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता बी-6, गली नंबर 2, शिव मंदिर के पास, मॉडल कॉलोनी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राजेंद्र गोयल से बदलकर राजेंद्र कुमार रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे राजेंद्र कुमार पुत्र श्री नंद लाल गोयल के नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता बी-6, गली नंबर-2, निकट शिव मंदिर, मॉडल कॉलोनी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

# एसएसपी का देर रात्रि औचक निरीक्षण, ड्यूटी प्वाइंट की गलत लोकेशन बताना पुलिस कर्मियों को पड़ा भारी

## 9 पुलिस कर्मीयो का निलंबित,4 पुलिस कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एसएसपी कार्यालय के मुताबिक देर रात फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से बताया गया कि पंतनगर क्षेत्र के पास एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार कुछ युवकों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग की है। वाहन काशीपुर की ओर जाता हुआ देखा गया है। सूचना पर कंट्रोल रूम ने थाना पंतनगर सहित रुद्रपुर से जसपुर बॉर्डर तक सभी थाना प्रभारियों को हाईवे पर तत्काल सघन चेकिंग एवं नाकाबंदी करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान एसएसपी अजय गणपति स्वयं देर रात निजी वाहन से हाईवे पर स्थापित चैकिंग प्वाइंटों का औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान महतोष,सरकड़ी तिराहा, दोराहा,परमानन्दपुर हाईवे पर चैकिंग प्वाइंटों पर तैनात रात्रि अधिकारी,चीता मोबाइल, गश्त पार्टी के पुलिस कर्मी निर्धारित ड्यूटी स्थलों से अनुपस्थित पाए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ



पुलिस कर्मियों ने कंट्रोल रूम एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी ड्यूटी प्वाइंट की गलत लोकेशन भी बताई। जबकि वास्तविकता में वह निर्धारित स्थान पर मौजूद नहीं थे। चैकिंग ड्यूटी के दौरान गंभीर लापरवाही बरत रहे थे। इससे स्पष्ट हुआ कि ड्यूटी एवं चैकिंग के दौरान गंभीर अनुशासनहीनता और आदेशों की अवहेलना की जा रही थी। अनुशासनहीनता, ड्यूटी के प्रति उदासीनता,वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए 9 पुलिस कर्मियों को निलंबित और 4 पुलिस कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने की कार्रवाई की गई। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया कि जनपद में पुलिस ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**एसएसपी की इन पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज:** एसआई हरीश महर, थाना केलाखेड़ा, कांस्टेबल कमल सिंह थाना केलाखेड़ा, एस शआई धीरेन्द्र परिहार कोतवाली बाजपुर, कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह कोतवाली बाजपुर, कांस्टेबल पूरन चन्द्र कोतवाली बाजपुर, एसआई सुशील कुमार कोतवाली आईटीआई, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन कोतवाली आईटीआई, कांस्टेबल धर्मेन्द्र भारती कोतवाली आईटीआई, कांस्टेबल मोहन गिरी कोतवाली आईटीआई

# फिल्मी दुनिया

## 'आवारापन 2' का ट्रेलर रिलीज, फिर मोहब्बत के लिए जंग





*फिल्म 'आवारापन 2' का ट्रेलर मेकर्स ने आज रिलीज किया है। इमरान हाशमी 19 साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आवारापन' का जादू सीक्वल में भी चला रहे हैं। उनकी अदाकारी, एक्शन सीन्स फैंस का दिल जीत लेंगे। साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारापन' में इमरान हाशमी ने अपनी अदाकारी से फैंस को हैरान किया था। फिल्म की कहानी, गाने आज तक दर्शकों को याद हैं। फिल्म की अलग ही फैन फॉलोइंग है। अब मेकर्स 'आवारापन 2' लेकर आए हैं, आज इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया गया है। यहां जानिए, कैसा है फिल्म 'आवारापन 2' का ट्रेलर?*

*फिल्म 'आवारापन 2' का ट्रेलर मोहब्बत के लिए कुछ भी कर गुजरने की कहानी को दिखा रहा है। इमरान हाशमी और दिशा पाटनी के बीच की केमिस्ट्री भी कमाल की है। वहीं ट्रेलर में इमरान हाशमी के एक्शन सीन्स भी हैरान करते हैं। उनके डायलॉग भी दर्शकों को पसंद आएंगे। एक सीन में वह कहते हैं, %मौत से मेरा पुराना रिश्ता है, उसका एक कर्ज है, जो चुकाना है।% ट्रेलर में शबाना आजमी भी हैं, जो नेगेटिव रोल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा दिशा पाटनी के भी कई सीन्स इसमें देखने को मिले। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए ट्रेलर का कमेंट सेक्शन मेकर्स ने बंद किया हुआ है। यह ट्रेलर महज डेढ़ मिनट का है।*

### कहानी की भी मिली झलक

*ट्रेलर में जो फिल्म के सीन्स सामने आए हैं, उससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शबाना आजमी और इमरान हाशमी के किरदार के बीच एक रंजीश है। फिल्म में ड्रग्स का एंगल भी नजर आ रहा है। देखना होगा कि इस कहानी में इमरान का मकसद क्या है? दिशा और उनके किरदार कैसे जुड़ते हैं। साथ ही साथ एक प्रेम कहानी को इसमें कैसे दिखाया जाएगा। इन बातों से पर्दा फिल्म रिलीज के बाद ही उठेगा।*

# कुंवरपुर चौराहे पर युवकों पर जानलेवा हमला, ईंट मारकर किया लहूलुहान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

काठगोदाम क्षेत्र के कुंवरपुर चौराहे के पास दो युवकों पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि बुलाकर पहले गाली-गलौज की गई, फिर मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ितों ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद कोतवाली काठगोदाम में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। काठगोदाम पुलिस को दी गई तहरीर में, कहा है कि 3 अगस्त की शाम गौरव रावत ने अभिषेक अधिकारी को फोन कर किसी जरूरी काम का बहाना बनाते हुए कुंवरपुर चौराहे के पास स्थित कार्यालय पर बुलाया। इसके बाद विक्रम सिंह अपने मित्र अभिषेक अधिकारी के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि कुछ ही देर बाद गौरव रावत अपने भाई विमल रावत तथा अन्य साथियों के साथ वाहन संख्या यू के04 ए एस 5259 और महिंद्रा थार संख्या यू के04- ए एन 5259 से मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और धक्का-मुक्की करने लगे। इसी दौरान आरोप है कि गौरव रावत ने विक्रम सिंह के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में अभिषेक अधिकारी को भी चोटें आईं। पीड़ितों का कहना है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद दोनों घायलों ने अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया और मेडिकल परीक्षण भी कराया। तहरीर में विक्रम सिंह ने आशंका जताई है कि यदि भविष्य में उसे या उसके साथी अभिषेक अधिकारी को किसी प्रकार की जान-माल की हानि होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी गौरव रावत, विमल रावत और योगेश गोस्वामी की होगी। उन्होंने पुलिस से तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## News कॉर्नर

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ पौंधारोपण

नैनीताल। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल के नेतृत्व में बुधवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौंधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में ऑल इंडिया विमेंस कॉन्फ्रेंस ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए पौंधरोपण किया।
इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और स्वास्थ्य तभी सुरक्षित रहेंगे जब सभी नागरिक शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर अपनी जिममेदारी निभाएंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। इस दौरान मुन्नी तिवारी, मीनू बुधलाकोटी तथा रक्षित साह आदि मौजूद रहे।

### सरकार का पढ़ाई के साथ स्वरोजगारपरक शिक्षा पर जोरःडा.आर्य

नैनीताल । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने बुधवार को नैनीताल विधान सभा के तहत मिशन इंटर कालेज ज्योलीकोट में पहुंचकर भाजपा की डबल इंजन सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को पढ़ाई के साथ ही स्वरोजगार से जोडने के लिए स्वरोजगारपरक शिक्षा को अधिक बढ़ावा दे रही है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए चलायी जा रही छात्रवृत्तियों समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य सिस्टर शोभा समेत रमेश जीना, मनोज जोशी, बीना बिष्ट, नेहा पंत, गंगा साही, महेश आर्य, गीता पंत, भारती आर्या, आशा अधिकारी तथा मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

# भीमताल में एनसीसी ( नेवी विंग ) ओरिएंटेशन व चयन प्रक्रिया हुई पहली बार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के सर जे सी बोस तकनीकी परिसर भीमताल स्थित औषधि विज्ञान विभाग में एनसीसी (नेवी विंग) ओरिएंटेशन एवं चयन प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम भीमताल परिसर में पहली बार आयोजित किया गया जो परिसर में एनसीसी (नेवी विंग) की शुरुआत की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल है। यह पहल औषधि विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कुमुद उपाध्याय के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में साकार हुई जिसके फलस्वरूप परिसर के विद्यार्थियों को पहली बार एनसीसी




(नेवी विंग) से जुडने का अवसर प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संचालन कमाँडिंग ऑफि सर मृदुल शाह, इंस्ट्रटर विक्रांत सिंह तथा पेटी ऑफिसर (लॉजिस्टिस एवं फ इनेंस) कवेन्द्र सिंह कन्याल ने किया वहीं एसोसिएट एएनओ प्रो. रितेश शाह ने महाविद्यालय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ओरिएंटेशन के उपरांत चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की गईए जबकि द्वितीय चरण में वाइवा (साक्षात्कार) के माध्यम से अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया।इस चयन प्रक्रिया में औषधि विज्ञान विभाग एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के कुल 32 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का सफल समन्वयन औषधि विज्ञान विभाग के फैकल्टी सदस्य डॉ. कोमल चंद्रा एवं डॉ अंकित कुमार,प्रो. तीरथ कुमार, डॉ. कोमल चंद्रा, डॉ अंकित कुमार एवं रिजवान सहित नरेन्द्र, डॉ. लक्ष्मण सिंह लौतेला, अनीता एवं संतोष ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा पांडेय का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

# मुखानी फ्लाईओवर पर हाईकोर्ट सख्त सरकार और डीएम से 14 दिन में मांगा जवाब

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**निर्देश**
- अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और परियोजना की प्रगति पर मांगी विस्तृत रिपोर्ट, 71 लोगों को नोटिस जारी

शहर के सबसे व्यस्त मुखानी चौराहे को जाम से निजात दिलाने और प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के मामले में नैनीताल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से दो सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि चिह्नित अतिक्रमण हटाने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई और फ्लाईओवर परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है। खंडपीठ ने सरकार और जिलाधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि हल्द्वानी के कई प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है तथा सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है। सरकार ने कोर्ट को यह भी अवगत कराया कि मुखानी



चौराहे पर अतिक्रमण हटाने के लिए 71 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने अदालत में कहा कि वर्ष 2018 में मुखानी फ्लाईओवर के लिए सर्वे कराया गया था, जिस पर लाखों रुपये खर्च हुए, लेकिन आज तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने तर्क दिया कि वर्षों बीत जाने के बावजूद परियोजना पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जबकि शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों के दबाव के कारण मुखानी चौराहा रोजाना भीषण जाम का केंद्र बना हुआ है।

अदालत को बताया गया कि इस जाम से छात्र, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और आम नागरिक प्रतिदिन प्रभावित होते हैं। फ्लाईओवर बनने से यातायात व्यवस्था सुचारु होगी, समय की बचत होगी और शहर की ट्रैफिक समस्या में काफी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि हल्द्वानी निवासी पूरन चंद्र जोशी ने वर्ष 2018 में नैनीताल हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कालाढूंगी रोड, विशेषकर मुखानी चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर निर्माण की मांग की थी। अब हाईकोर्ट ने सरकार और जिला प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा फ्लाईओवर परियोजना की प्रगति पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

# पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न, बच्चों ने पौधे रोपे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

साथी संगठन हल्द्वानी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निजी विद्यालय गौलापार हल्द्वानी के प्रांगण में एक पेड़ सौ सौ वरदान पर्यावरण जागरूकता अभियान की थीम पर एक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस विशेष अभियान में स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा पौधे रोपे गए। छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वन रेंजर (शोध) भारतीय वन अनुसंधान केंद्र हल्द्वानी मदन सिंह बिष्ट द्वारा लाए गए औषधिय पौधों जैसे कासनी, आंवला ,कचनार, पुष्पगंधा, सर्पगंधा, हड जोड़, हरसिंगार, तेजपात, कनेर, चांदनी, रात की रानी, कमर खा आदि आदि पौधों का औषधि महत्व छात्र-छात्राओं को बताते हुए पौधों का रोपण कराया गया, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आशुतोष पंत एवं डॉ शिव दत्त तिवारी द्वारा मोरपंखी अशोक गुड़हल अमरूद आम गुलाब आदि पौधों का महत्व छात्र छात्राओं को बताते हुए रोपण कराए गए। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महासचिव लक्ष्मण सिंह गोनिया द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया तथा कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य जीवन चंद्र पेंतोला, हिमांशु पवार, भुवन चंद्र जोशी, राजेंद्र सिंह बोरा, आनंद सिंह रावत, मोहन सिंह मेहरा,पूरन सिंह मेहरा ने अपनी सहभागिता में पौधरोपण कार्यक्रम में सहयोग किया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला ने पर्यावरण स्लोगन सांसे हो रही है कम इआओ एक पेड़ लगाए हम जैसे नारे लगाकर छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए पर्यावरण संदेश दिया।



# धूमधाम से मनाया जाएगा नैनीताल जिले में स्वतंत्रता दिवस

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाने और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में बैठक आयोजित की गई।बैठक में निर्णय लिया गया है कि नैनीताल जिले में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और देश के वीर शहीदों और महानुभावों को सद्भावनापूर्ण नमन किया जाएगा।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के जनों को सममानित किया जाएगा। देश भक्ति गीतों के साथ ही स्कूलों में अनेक प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाएंगी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद अंतर्गत जिला मुखयालय सहित विभिन्न स्थानों, स्कूलों तथा कॉलेजों में प्रातः7 बजे से प्रभात फेरी और देशभक्ति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। नैनीताल में प्रभात फेरी मल्लीताल फलैट्स मैदान से प्रारंभ होकर तल्लीताल गांधी चौक पर समाप्त होगी।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों, भवनों व स्कूलों और गैर सरकारी इमारतों आदि में प्रातः 9 बजे से ध्वजारोहण किया जाएगा।जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण होगा



तत्पश्चात पूर्वाह्न 10 से 10.30 बजे तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर श्रद्धा सुमन/माल्यार्पण किया जाएगा और स्वतंत्रता सेनानियों व राज्य आंदोलनकारियों/परिजनों एवं सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सममानित किया जाएगा। इससे पूर्व 14 अगस्त को सायं 6 बजे से रात 9 बजे तक एवं 15 अगस्त की प्रातः60 बजे से लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम एवं देशभक्ति के गीतों का प्रसारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकारी भवनों, इमारतों व स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारकों, शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों एवं निजी भवनों को एलइडी बल्बों के माध्यम से प्रकाशमय किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर ध्रुव मर्तोलिया, पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### पांडे स्मृति फुटबाल प्रतियोगिताःनैंसी कान्वेंट ज्योलीकोट बना विजेता

नैनीताल । सीआरएसटी ओल्ड बायज एसोसिएशन की ओर से आयोजित व नैनीताल बैंक प्रायोजित एच.एन.पांडे स्मृति स्वतंत्रता दिवस फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार को एक मैच खेला गया। डीएसए मैदान में यह मुकाबला नैंसी कॉन्वेंट ज्योलिकोट एवं जीडी गोयनका नौकुचियाताल के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रही।उसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 से नैंसी कॉन्वेंट ज्योलीकोट ने मैच में विजय दर्ज की।

# मानसून सत्र में बिना अनुमति मुखयालय छोड़ने पर ईई से स्पष्टीकरण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मानसून सत्र के दौरान शासकीय दायित्वों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की है।

बता दें मानसून सत्र एवं मुखयमंत्री के गर्जिया-रामनगर भ्रमण के दृष्टिगत जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा बिना उनकी अनुमति के मुखयालय न छोड़ने के स्पष्ट आदेश पारित किए गए थे। इसके बावजूद अधिशासी अभियंता कोसी निर्माण सिंचाई खण्ड रामनगर अजय जॉन 5 जुलाई 2026 को बिना अवकाश स्वीकृति के मुखयालय से अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने उक्त कृत्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण तलब किया था।

नोटिस के उत्तर में अधिशासी अभियंता ने बिना अनुमति अनुपस्थित रहना स्वीकार किया तथा इसका कारण अपने सगे मौसेरे भाई की पत्नी का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब होना बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कृत्य उत्तराखंड राज्य सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के नियम 2002 एवं 3 (1) तथा 3(2)0का स्पष्ट उल्लंघन है। शासकीय आदेशों की अवहेलनाए अनुशासनहीनता एवं दायित्वों के प्रति लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी की सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित कराने हेतु शासन को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।दूसरी ओर जिलाधिकारी रयाल ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मानसून सत्र में बिना अनुमति मुखयालय न छोड़ा जाए जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कुविवि नैनीताल व श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली के बीच हुआ एमओयू

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल और श्रीराम इंस्टीट्यूट फ ॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली के मध्य बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शोध, तकनीकी विशेषज्ञता, नवाचार व प्रशिक्षण एवं वैज्ञानिक संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। कुमाऊँ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत तथा श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च की ओर से निदेशक डॉ. मुकुल दास ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(कर्नल) दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में हुए इस समझौते से



विश्वविद्यालय के गुरुजनों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को उन्नत वैज्ञानिक सुविधाओं और औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे।समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक शोध परियोजनाओं, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे साथ ही दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ एक.दूसरे की प्रयोगशालाओं, तकनीकी सुविधाओं एवं विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए सहयोगात्मक शोध कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। कुलपति प्रो. रावत के मुताबिक इस एमओयू के माध्यम से कुमाऊँ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को श्रीराम इंस्टीट्यूट फ ॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च की अत्याधुनिक वैज्ञानिक सुविधाओं एवं विशेषज्ञ सेवाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इनमें अनुसंधान एवं विकास ए पायलट प्लांट एवं नवाचार सहयोग विष विज्ञान एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान अध्ययन,भवन एवं अवसंरचना परीक्षण, पर्यावरण संरक्षण, गामा इर्रेडिएशन प्रोसेसिंग व उपकरणों का कैलिब्रेशन तथा टैकनोलॉजी बिजनेस इनकयूबेशन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।समझौते के तहत श्रीराम इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक कुमाऊँ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के सह.पर्यवेक्षक के रूप में भी सहयोग कर सकेंगे जबकि दोनों संस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के समक्ष संयुक्त शोध परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे।